ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने 'बिहार के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु परिनियम–2020' में आवश्यक संशोधनों को सम्यक् विचारोपरान्त अपनी स्वीकृति प्रदान की

पटना, 29 अगस्त 2020

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान ने 'बिहार के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु परिनियम–2020' में आवश्यक संशोधनों को सम्यक् विचारोपरान्त अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने राज्य के शिक्षा विभाग, राज्य के संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा तीन कुलपतियों की परिनियम समिति के मंतव्यों के आलोक में विहित प्रक्रियानुसार संबंधित संशोधनों को अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

एतद्विषयक अधिसूचना आज राज्यपाल सचिवालय द्वारा निर्गत कर दी गई है एवं इसे राज्यपाल सचिवालय की वेबसाईट **www.goveror.bih.nic.in** पर प्रकाशित कर दिया गया है।

....